तत्काल / अनुस्मारक

पत्र सं0-स्था0-6-सामान्य निर्देश (132) भाग-3/2021-22/ 499 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक:: 24 मई, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

कृपया कमिश्नर, वाणिज्य कर के पत्र संख्या-118 दिनांक 09.04.2021 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विभाग के कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी लम्बित प्रकरणों का परीक्षण एवं तत्काल निस्तारण समय से कराये जाने हेतु जोन स्तर पर किसी अधिकारी को नामित करने एवं नामित नोडल अधिकारी द्वारा प्रकरण में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए सक्षम अधिकारी से सम्पर्क स्थापित करके नियमानुसार निस्तारण कराया जाये। यह भी निर्देशित किया गया है कि लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित सूचना ई-मेल आई0डी0 (commissioner_commercial@rediffmail.com) पर निर्धारित प्रारुप में उपलब्ध करायी जाये।

उपरोक्त सम्बन्ध में आप के स्तर से लम्बित प्रकरणों का परीक्षण एवं निस्तारण कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। किन्तु नोडल अधिकारी के स्तर से कमिश्नर महोदया के उपरोक्त पत्र दिनांक 09.04.2021 में दिये गये निर्देशानुसार लम्बित प्रकरणों की निर्धारित प्रारुप में सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 वाणिज्य कर, गाजियाबाद जोन-द्वितीय, लखनऊ जोन-प्रथम, मेरठ जोन, मुरादाबाद जोन तथा झाँसी जोन के द्वारा क्रमशः 04, 03, 04, 05, 02 कार्मिकों के लम्बित प्रकरणों की सूचना उपलब्ध करायी गयी, किन्तु मामलों के निस्तारण हेतु कृत कार्यवाही की अद्यतन सूचना अभी तक उपलब्ध नही करायी गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि कमिश्नर, वाणिज्य कर के निर्देशानुसार सेवारत् / सेवानिवृत्त कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी / सेवानैवृत्तिक देयकों के मामलों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही एवं निर्धारित प्रारुप में सूचना की अद्यतन स्थिति प्रत्येक माह पाक्षिक रुप से माह की 05 तारीख तथा 20 तारीख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

25-5-21

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तदनुसार अनुपालन कराये जाने हेतु प्रेषित:-

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, कमिश्नर(कैम्प) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
2- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइड पर अपलोड कराने हेतु।

एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।